रणजीत टाइम्स

इंदौर

सोमवार, 2 नवम्बर, 2026

वर्ष 02 | अंक 259 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

दिल्ली से गुवाहाटी तक दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

उत्तर कॉरिडोर को प्रधानमंत्री की मंजूरी, आगरा, कानपुर, लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, पटना और सिलीगुड़ी से जुड़ेगा प्रस्तावित मार्ग

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुलेट ट्रेन नेटवर्क के उत्तर कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 31 अक्टूबर को इसकी जानकारी दी। प्रस्तावित गलियारा दिल्ली से शुरू होकर आगरा, कानपुर, लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, पटना और सिलीगुड़ी होते हुए गुवाहाटी तक पहुंचेगा।

रेल मंत्री के अनुसार

इस परियोजना से लंबी दूरी की यात्रा में लगने वाला समय काफी घट सकता है। प्रस्तावित समय-सारणी के मुताबिक दिल्ली से आगरा का सफर 59 मिनट, कानपुर का एक घंटा 45 मिनट और लखनऊ का दो घंटे 12 मिनट में पूरा हो सकेगा। दिल्ली से वाराणसी की यात्रा लगभग साढ़े तीन घंटे की बताई गई सरकार का दावा है कि निर्माण में स्वदेशी तकनीक और भारतीय श्रमशक्ति को प्राथमिकता मिलेगी। हालांकि, परियोजना की विस्तृत लागत, निर्माण की समयसीमा और गुवाहाटी तक पूरे मार्ग की चरणबद्ध कार्ययोजना अभी स्पष्ट नहीं है।

मुख्यमंत्री निवास में हुआ कार्यक्रम

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 900 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 450 करोड़ रुपये से अधिक और 120 से अधिक स्टार्टअप्स को 47.80 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से की अंतरित

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

इंदौर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को प्रदेश के औद्योगिक एवं उद्यमिता क्षेत्र को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए एक नई "एमएसएमई औद्योगिक विकास कंपनी" MSME-IDC का गठन करेगी। यह कंपनी सभी क्षेत्रों में समान रूप से अधोसंरचना, भूमि सहित उद्योग संबंधी आवश्यकताओं को उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम जिस प्रकार बड़े उद्योगों अर्थात 500 करोड़ से अधिक के निवेश के लिए कार्य कर रहा है, उसी तर्ज पर यह नई कंपनी पूरी तरह एमएसएमई क्षेत्र के प्रोत्साहन और विकास के लिए समर्पित होगी। यह राज्य शासन के पूर्ण स्वामित्व वाली शासकीय कंपनी होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि



निजी निवेशक भी अब औद्योगिक पार्क बना सकते हैं, सरकार 50 लाख रुपये प्रति हैक्टेयर की दर से उन्हें अनुदान उपलब्ध करायेगी। इसके साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में 2 माह में एमएसएमई के लिए भूमि उपलब्ध होगी। इससे प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेश को नई गति मिल सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास से सिंगल क्लिक द्वारा प्रदेश की 900 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 450 करोड़ रुपये से अधिक तथा 120 से अधिक स्टार्टअप्स को 47.80 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि अंतरित की। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य काश्यप विशेष रूप से उपस्थित थे।

सरकार उद्यमियों के नवाचारों और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 75 औद्योगिक भूखंडों के लिए आशय-पत्र प्रदान किए। इनसे लगभग 83 करोड़ रुपये का निवेश संभावित है, जिससे 640 रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत विभिन्न हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवा उद्यमियों से निवेश, भविष्य की योजनाओं एवं औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार उनके नवाचारों और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

वोट चोरी का बहाना

विपक्ष इस सच से भी मुंह मोड़ रहा है कि एसआइआर की सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रक्रिया में सुधार के कई सुझाव देने के साथ लोगों को अपना नाम वोटर लिस्ट में शामिल कराने के लिए अतिरिक्त सुविधा एवं समय प्रदान करने के भी निर्देश दिए हैं। इस सबके बावजूद विपक्षी दल वोट चोरी का राग अलापने में लगे हुए हैं। कांग्रेस ने सहयोगी दलों के सहयोग से दिल्ली के रामलीला मैदान में तथाकथित वोट चोरी के बहाने भीड़ तो जुटा ली, लेकिन यह भीड़ दस लाख के दावे के मुकाबले कहीं अधिक कम रही। इस रैली में राहुल गांधी समेत अन्य विपक्षी नेताओं ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआइआर को लेकर वही सब कहा, जो पिछले लंबे समय तक कहते चले आ रहे हैं। इसमें संदेह है कि यह रैली विपक्ष के इस नैरेटिव को विश्वसनीयता प्रदान कर सकेगी।

क्वाड में भारत का संदेश: फैसले अपने, निर्भरता किसी की नहीं!

अटलांटा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने क्वाड देशों के बीच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता, समृद्धि और अपनी पसंद के फैसले लेने की आजादी को अहम बताया। 31 अक्टूबर की बैठक में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने आर्थिक सुरक्षा और भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने पर जोर दिया।

पत्नी की कमाई पति से 2.25 गुना, पांच साल में बड़ा उछाल

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और उनकी पत्नी लक्ष्मी पुरी की आय का अंतर चर्चा में है। राज्यसभा नामांकन के साथ दाखिल हलफनामे के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में लक्ष्मी पुरी की घोषित आय 1 करोड़ 69 लाख 77 हजार 960 रुपये रही, जबकि हरदीप सिंह पुरी की आय 75 लाख 57 हजार 130 रुपये दर्ज की गई। इस तरह पत्नी की आय पति से करीब 2.25 गुना रही। पिछले पांच वर्षों के आंकड़े भी आय में उल्लेखनीय अंतर दिखाते हैं। वर्ष 2021-22 में लक्ष्मी पुरी की आय करीब 15.39 लाख रुपये थी, जो 2025-26 में बढ़कर लगभग 1.70 करोड़ रुपये पहुंच गई। वहीं, इसी अवधि में हरदीप सिंह पुरी की आय करीब 63.36 लाख से बढ़कर 75.57 लाख रुपये हुई।



घोषित संपत्ति के अनुसार, हरदीप सिंह पुरी की चल और अचल संपत्ति करीब 26.54 करोड़ रुपये तथा लक्ष्मी पुरी की करीब 19.66 करोड़ रुपये बताई गई है। पत्नी के विवरण में विदेशी मुद्रा और स्विट्जरलैंड स्थित संपत्ति का भी उल्लेख है। हरदीप सिंह पुरी की आय में वेतन, पेंशन और किराया शामिल हैं, जबकि लक्ष्मी पुरी की आय के स्रोतों में पेंशन, किराया, ब्याज और पुस्तकों की रॉयल्टी बताए गए हैं।

सवाल यह है कि आय और संपत्ति के इन आंकड़ों का पूरा हिसाब क्या है? विदेश स्थित संपत्तियों का मूल्यांकन और देनदारियों का विवरण भी सार्वजनिक चर्चा का विषय है। हालांकि, अधिक आय या संपत्ति होना अपने आप में किसी अनियमितता का प्रमाण नहीं है। निष्कर्ष के लिए मूल हलफनामे और संबंधित दस्तावेजों का मिलान जरूरी है।

अवैध गांजा बिक्री और सप्लाई करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 1.430 किलो गांजा जब्त

अमलाई पुलिस की कार्रवाई में 22,300 का मशरूका बरामद, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

साहिल खान

शहडोल। जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन एवं तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना अमलाई पुलिस ने अवैध गांजा बेचने वाले एक आरोपी और गांजा सप्लाई करने वाले दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार, 31 अक्टूबर 2026 को सूचना मिली कि अमलाई थाना क्षेत्र के ग्राम बिलिया, वार्ड क्रमांक 04 निवासी बृजेन्द्र सिंह (57 वर्ष) अवैध गांजा रखकर राहगीरों को



बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी की नियमानुसार तलाशी ली, जिसमें उसके कब्जे से 1.430 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 14,300 बताई गई है

पूछताछ के दौरान आरोपी बृजेन्द्र सिंह ने गांजा ग्राम बकही, थाना चचाई, जिला अनूपपुर निवासी घनश्याम महरा (34 वर्ष) से प्राप्त करना बताया। इसके बाद पुलिस टीम ने ग्राम बकही पहुंचकर दूसरे आरोपी घनश्याम महरा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से सैमसंग कंपनी का एक मोबाइल फोन, जिसकी कीमत करीब 8,000 है, जब्त किया गया। पूछताछ में घनश्याम महरा द्वारा गांजा सप्लाई करने की बात स्वीकार की गई पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना अमलाई में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। कार्रवाई के दौरान कुल 1.430 किलोग्राम गांजा और एक मोबाइल फोन सहित 22,300 का मशरूका जब्त किया गया। सराहनीय भूमिकाः पूरी कार्रवाई थाना प्रभारी अमलाई निरीक्षक भूपेन्द्र मणि पाण्डेय के नेतृत्व में की गई।

इसमें सउनि अमृतलाल परस्ते, सउनि शिवनारायण प्रजापति, प्रधान आरक्षक पुष्पेन्द्र कुमार, मुकेश कुमार, शिवप्रसाद उईके, आरक्षक रविशंकर, मुरका प्रसाद साकेत, महिला आरक्षक अमीना मरकाम, खुशबू प्रजापति तथा साइबर सेल शहडोल के आरक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दिनारा पुलिस की जुआ खेलने वालों पर कार्रवाई 6 आरोपी गिरफ्तार; 25,400 रुपये नकद जब्त

ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी। जिले के दिनारा थाना पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 25,400 रुपये नकद और 52 पत्तों की एक ताश की गड्डी जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामदास प्रजापति एवं एसडीओपी करैरा बिनायक शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत दिनारा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरविन्द्र छारी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कडोरा लोधी के हार में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और जुआ खेलते हुए 6 लोगों को पकड़ लिया।



पकड़े गए आरोपियों में गोरेलाल यादव (35), हरिओम विश्वकर्मा (35), हरिमोहन यादव (40), भगवत यादव (35), अंकित लोधी (24) एवं संजीव लोधी (29) शामिल हैं। सभी आरोपी दिनारा एवं करैरा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने मौके से 25,400 रुपये नकद एवं 52 पत्तों की एक ताश की गड्डी जब्त की। इस मामले में थाना दिनारा में अपराध क्रमांक 263/26 के तहत धारा 13 जुआ एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है।

कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरविन्द्र छारी, उपनिरीक्षक अनुराधा सिंह, प्रधान आरक्षक दीपक कुमार, विशाल सिंह, शरद कुमार सहित आरक्षक शिवम यादव, योगेश मिश्रा, संतोष पाठक, पवन राठौर, प्रदीप कौरव एवं सुरेन्द्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

विदिशा से शोभित जैन को आईजा मध्यप्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया

धर्मेन्द्र गुप्ता

विदिशा ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) म.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बाफना द्वारा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक श्री हार्दिक हुंडिया जी की सहमति से शोभित जैन को मध्यप्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।इस बार आईजा द्वारा बड़ी संख्या में युवा चेहरों को जगह प्रदान की गई जिससे युवा आगे आकर संगठन को मजबूती प्रदान करें।उनका मनोनयन 31 अक्टूबर 2026 से 31 दिसम्बर 2027 तक की अवधि के लिए विधिवत स्वीकृत किया गया है। डॉ. बाफना ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि शोभित जैन संगठन सेवा के पथ और आईजा के रथ पर जिनशासन की प्रभावना में अपना संपूर्ण योगदान देंगे। संगठन के सपनों और विजन को पूरा करने में उनकी सक्रिय भागीदारी रहेगी, ऐसी अपेक्षा है।वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति जताया आभार इस उपलब्धि पर उन्होंने वरिष्ठ आइजा साथियों व राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुण्डिया,प्रदीप बाफना प्रदेश अध्यक्ष,राजीव जैन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,उमेश जैन प्रदेश महासचिव आदिका आभार माना। नियुक्ति पर जैन पत्रकारों, समाजजनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शोभित जैन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



विदिशा पुलिस की ब्राउन शुगर के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही लगातार जारी

धर्मेन्द्र गुप्ता

ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत करारिया चौराहा पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा 12 ग्राम ब्राउन शुगर जप्त, आरोपी के विरुद्ध NDPS एक्ट के तहत कार्रवाई विदिशा पुलिस द्वारा जिले में नशे के अवैध कारोबार एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना करारिया चौराहा पुलिस ने रात्रि गस्त में संदिग्ध मिलने पर कार्रवाई



करते हुए 12 ग्राम ब्राउन शुगर सहित कुल 1,20,000 का मशरूका जप्त कर दो आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन / मार्गदर्शन में कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विदिशा श्री रोहित काशवानी द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को मादक पदार्थों के अवैध कारोबार एवं अवांछनीय गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी करारिया चौराहा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।रात्रि गस्त में संदिग्ध की चेकिंग के दौरान संदिग्ध की घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी थाना करारिया चौराहा पुलिस को रात्रि गस्त के दौरान ग्राम बमुरिया प्रतीक्षालय के पास करारिया अम्बानगर रोड पर एक संदिग्ध मिलने तलासी में ब्राउन शुगर की रखे मिला जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा । पूछताछ में संदेही ने अपना नाम रोहित बघेल पिता जशवंत बघेल, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम अरबरिया बेरखेड़ी विदिशा का होना बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 12 ग्राम ब्राउन शुगर जप्त की गई।NDPS एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज।

रणजीत टाइम्स

दुकान के बाहर गंदगी मिलने पर नगर निगम की कार्रवाई, 2,000 का चालान

जोन-01 के वार्ड 16 में स्वच्छता नियमों का पालन कराने निगम की टीम सक्रिय

राजेश धाकड़

इंदौर। शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने और सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नगर निगम जोन-01 के वार्ड क्रमांक 16 अंतर्गत स्मृति नगर, बांगड़दा में दुकान के बाहर गंदगी पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, स्मृति नगर बांगड़दा में दुकान के बाहर गंदगी देखकर ड्रेनेज विभाग के सुपरवाइजर सुनील पत्थरोंड ने सहायक सीएसआई



भारत करोसिया को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर भारत करोसिया मौके पर पहुंचे और निरीक्षण के दौरान दुकान के बाहर गंदगी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति रजनेश जैन के खिलाफ 2,000 की चालानी कार्रवाई की।

इस कार्रवाई के दौरान वार्ड दरोगा लाखन सिंह पवार और ड्रेनेज विभाग के सुपरवाइजर सुनील पत्थरोंड मौजूद रहे। नगर निगम की इस कार्रवाई का उद्देश्य शहर में स्वच्छता बनाए रखना और नागरिकों को अपने प्रतिष्ठानों के आसपास साफ-सफाई रखने के प्रति जागरूक करना है। नगर निगम की ओर से नागरिकों से अपील है कि वे अपने घरों और दुकानों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा या गंदगी न फैलाएं, ताकि इंदौर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखा जा सके।

बांगड़दा रोड पर गंदगी फैलाने पर 5,000 का चालान

राजेश धाकड़

इंदौर। जोन-01 के वार्ड क्रमांक 16 अंतर्गत बांगड़दा रोड पर बोरिंग के दौरान सड़क पर गंदगी फैलाने के मामले में नगर निगम ने कार्रवाई की। वार्ड दरोगा लाखन सिंह पवार ने मामले की सूचना सहायक सीएसआई भारत करोसिया को दी।

मौके पर पहुंचे करोसिया ने संबंधित व्यक्ति अजय चौरसिया को सड़क पर गंदगी फैलाने पर फटकार लगाई और 5,000 का चालान बनाया। कार्रवाई के दौरान वार्ड दरोगा लाखन सिंह पवार भी मौजूद रहे।



पूर्व मंत्री कमल पटेल की संवेदनशीलता,

दो बार फेल हुए ऑपरेशन के बाद युवक का निःशुल्क कराया तीसरा ऑपरेशन

वीरेंद्र चौहान रणजीत टाइम्स हरदा

चलती कार में वीडियो कॉल कर पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने जाना युवक के पैर का हाल, अब रोजगार में मदद का भी दिया भरोसा - बोले पहले अपने पैरों पर खड़े हो जाओ, फिर आर्थिक रूप से भी खड़ा कर देंगे हरदा। पूर्व मंत्री कमल पटेल ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और दरियादिली का परिचय दिया है। चलती कार में बैठे-बैठे उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए उस युवक का हाल-चाल जाना, जिसका पैर एक्सीडेंट के बाद खराब हो गया था और दो जगह ऑपरेशन फेल हो गया था। जिसका कमल पटेल ने ही इंदौर में निःशुल्क इलाज कराया। समाजसेवी पुरुषोत्तम पटेल ने बताया कि हरदा के एक युवक सागर सोलंकी का बीते साल दिसंबर में एक्सीडेंट हुआ था, इंदौर के एक अस्पताल और अरिहंत हॉस्पिटल में दो सर्जरी कराई, लेकिन दोनों फेल हो गई। पैर बिल्कुल मुड़ता ही नहीं था। उन्होंने पूर्व मंत्री श्री पटेल को अवगत कराया कि शिशु मंदिर में पढ़ाने वाली हरदा निवासी एक दीदी, जिनके पति कोरोना में शांत हो गए, उनके बेटे सागर सोलंकी का एक पैर अभी भी खराब है। दो बार ऑपरेशन करने के बाद भी पैर में कोई सुधार नहीं आया है। तब पूर्व मंत्री श्री पटेल ने तुरंत इंदौर में डॉ. मंजीत पटेल से बात की और एंबुलेंस से इंदौर भेजकर इलाज शुरू कराया। समाजसेवी श्री पटेल ने बताया कि खास बात यह रही कि तीसरा ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और युवक को इलाज में एक रुपया भी नहीं लगा। बीती रात पूर्व मंत्री श्री पटेल ने मोबाइल वीडियो कॉल पर युवक के हालचाल भी जाने। इस दौरान युवक ने बताया कि अब उसका पैर 90 प्रतिशत तक मुड़ने लगा है। इस दौरान युवक की मां ने भी वीडियो कॉल पर बात करते हुए पूर्व मंत्री को धन्यवाद दिया।



चर्चा के दौरान पूर्व मंत्री श्री पटेल ने युवक से कहा कि समय पर जानकारी मिलने पर इलाज के लिए भेजा तो अब ठीक हो गए हो, यही हमारे लिए सबसे बड़ी खुशी की बात है। स्वस्थ रहो, पैर पर चलने लग जाओ। साथ ही उन्होंने भविष्य के लिए भी भरोसा दिलाया। पूर्व मंत्री श्री पटेल द्वारा युवक से पढ़ाई के बारे में पूछने पर उसने बताया कि उसका बी. कॉम फाइनल हो गया है। इस पर श्री पटेल ने कहा कि पहले अपने पैर पर खड़े हो जाओ, फिर आर्थिक रूप से भी पैरों पर खड़ा करा देंगे। कहीं प्राइवेट नौकरी में लगवाएंगे या कोई व्यवसाय करना हो तो उसमें सहयोग करेंगे। वहीं समय पर इलाज मिलने से तीसरे ऑपरेशन में युवक का पैर ठीक होने पर उसकी माँ, युवक सहित पूरे परिवार ने पूर्व मंत्री श्री पटेल को दिल से धन्यवाद दिया है।

मकान मालिक की गर्दन पर तलवार अड़ा कर दिया चोरी अंजाम

पीड़ित कमल डोंगरे ने बयां की खौफनाक रात, 15-20 मिनट तक घर में डटे रहे हथियारबंद बदमाश

महेन्द्र मालवीय रणजीत टाईम्स

थाना खकनार क्षेत्र के ग्राम तुकईथड़ स्थित शिवाजी नगर में शनिवार की रात करीब 2 से 3 बजे के बीच चोरी की एक बड़ी सनसनीखेज वारदात सामने आई है।

उपसरपंच राहुल दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि अज्ञात चोरों ने गांव के शिवाजी नगर क्षेत्र में स्थित लगभग चार पांच मकानों को अपना निशाना बनाया।

तलवार और टामी की नोक पर दिया वारदात को अंजाम

घटना के मुख्य पीड़ित और स्थानीय निवासी कमल डोंगरे (पप्पू डोंगरे) ने फोन पर बातचीत के दौरान आपबीती साझा करते हुए बताया कि रात के समय करीब तीन अज्ञात चोर हाथों में तलवार, टामी और कटर लेकर आए थे। चोरों ने उनके घर में प्रवेश कर जैसे ही किवाड़ खोले, अंदर मौजूद लोगों की गर्दन पर तलवार और टामी अड़ा दी। चोरों ने लगभग 15 से 20 मिनट तक उन्हें परेशान किया और घर में रखे सामान व नकदी को खंगाला। पीड़ित ने बताया कि उनके घर में नगदी या जेवर ज्यादा नहीं थे, जिसके चलते चोरों के हाथ कुछ खास नहीं लगा। इसके बाद चोरों ने गांव के अन्य घरों को भी अपना निशाना बनाया। पीड़ित के अनुसार चोर दिलीप ठाकुर,सांडू केदारे सर और संकेत नेरपगारे घरों की तरफ भी गए थे, हालांकि उनके यहां ताले लगे होने के कारण वे अंदर नहीं घुस पाए। इसके अलावा एक अन्य सूने मकान में प्रवेश कर चोरों ने बच्चों के गुल्लक को तोड़कर उसमें रखी नकदी चुरा ली।



ग्रामीणों की आहट और सतर्कता से भागे चोर

घटना के दौरान जब घर के बाहर एक सदस्य पहरा दे रहा था और उसे सुगबुगाहट महसूस हुई, तो उसने खिड़की के पास से चोरों की आहट भांप ली। घर के छोटे भाई को जब शक हुआ कि कोई संदिग्ध मौजूद है, तो उसने घर के अंदर से ही जोर-जोर से "चोर-चोर" की आवाजें लगाईं और एक खिड़की से चोरों की तरफ तलवार फेंकी। ग्रामीणों के जागने, शोर मचाने और हलचल बढ़ने पर घबराए चोर मौके से फरार हो गए।

पुलिस जांच और कार्रवाई

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अभिषेक जाधव पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और डॉग स्क्वॉड की टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। साथ ही, गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि संदिग्धों की पहचान कर जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई की जा सके। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि चोरों के पास मिली तलवारें क्या उन्हीं मकानों से लाई गई थीं या वे अपने साथ लेकर आए थे। तुकईथड़ में हुई इस दुस्साहसिक वारदात से ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है।

सहजयोग-चेतना के उत्कर्ष का पथ

जब मनुष्य संसार की निरंतर भागदौड़, तनाव और अस्थिरता के बीच स्वयं को खोने लगता है, तब उसके भीतर एक गहरी खोज जन्म लेती है- शांति की, सत्य की और अपनी वास्तविक पहचान की। यही खोज उसे आध्यात्मिकता की ओर ले जाती है।

सहजयोग इसी आत्मिक यात्रा का वह दिव्य मार्ग है, जो मनुष्य को उसकी चेतना के उच्चतम स्तर तक पहुँचाने का माध्यम बनता है। सहजयोग के अनुसार चेतना केवल सोचने या महसूस करने की शक्ति नहीं है, बल्कि यह हमारे भीतर प्रवाहित होने वाली वह सूक्ष्म दिव्य ऊर्जा है, जो हमारे मन, शरीर और आत्मा को संतुलित करती है। यह चेतना हमारे सूक्ष्म तंत्र-नाड़ियों और चक्रों-के माध्यम से कार्य करती है।

मानव शरीर के भीतर तीन मुख्य नाड़ियाँ बताई गई हैं-इड़ा नाड़ी, पिंगला नाड़ी और सुषुम्ना नाड़ी। इड़ा नाड़ी हमारे भावनात्मक और भूतकाल से जुड़े पक्ष का प्रतिनिधित्व करती है। यह चंद्रमा की तरह शीतल और संवेदनशील ऊर्जा प्रदान करती है। पिंगला नाड़ी हमारी मानसिक और शारीरिक सक्रियता से जुड़ी होती है तथा भविष्य और कर्मप्रधान जीवन का प्रतीक मानी जाती है। इनके



मध्य स्थित सुषुम्ना नाड़ी संतुलन और आध्यात्मिक उत्कर्ष का मार्ग है। जब मनुष्य का ध्यान सुषुम्ना में स्थिर होने लगता है, तब उसकी चेतना धीरे-धीरे उच्च अवस्था में प्रवेश करती है और वह भीतर की शांति का अनुभव करता है। इन नाड़ियों के साथ हमारे सूक्ष्म शरीर में सात प्रमुख चक्र स्थित होते हैं, जो चेतना के विभिन्न आयामों को नियंत्रित करते हैं। मूलाधार चक्र हमारी पवित्रता और स्थिरता का आधार है। स्वाधिष्ठान चक्र रचनात्मकता और सूझबूझ को जागृत करता है। नाभि चक्र संतोष और आंतरिक संतुलन प्रदान करता है। हृदय चक्र प्रेम, सुरक्षा और आत्मविश्वास का केंद्र है। विशुद्धि चक्र संवाद, सामूहिकता और मधुरता को विकसित करता है। आज्ञा चक्र क्षमा और अहंकार से मुक्ति का द्वार खोलता है, जबकि सहस्रार चक्र आत्मसाक्षात्कार और परम चेतना से जुड़ने का सर्वोच्च केंद्र माना जाता है। सहजयोग में जब कुंडलिनी शक्ति जागृत होकर इन चक्रों को भेदते हुए सहस्रार तक पहुँचती है, तब व्यक्ति की चेतना का विस्तार होने लगता है। यह अनुभव केवल मानसिक नहीं, बल्कि गहराई से आत्मिक होता है। व्यक्ति अपने भीतर शांति की शीतल लहर, विचारों की निःशब्दता और दिव्य आनंद का अनुभव करता है।

जब हमारी चेतना शुद्ध और जागृत होती है, तब हम केवल स्वयं को नहीं, बल्कि पूरे संसार को अधिक प्रेम, शांति और एकत्व की दृष्टि से देखने लगते हैं। यही सहजयोग का सार है — आत्मा के प्रकाश को जागृत कर मानव चेतना को दिव्यता की ओर ले जाना। सहजयोग ध्यान पूर्णतः निःशुल्क है। सहजयोग की अधिक जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा बेवसाइट sahajayoga.org.in से प्राप्त कर सकते हैं।

राई पंचायत में प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

शिवम प्रजापति



सेक्टर राई क्रमांक 5 की राई पंचायत में नवांकुर संस्था के प्रभारी श्री कृष्णा साहू के तत्वावधान में प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों की कार्यक्षमता बढ़ाने एवं ग्राम विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर तिलक-वंदन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड समन्वयक श्रीमती डॉ. निलेश्वरी वैश्य उपस्थित रहीं। साथ ही उपस्वास्थ्य केंद्र से श्री ए.एस. पंद्राम एवं श्री सुरेश मरकाम तथा क्षेत्र के पंचगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मेंटर श्री निर्मल मरकाम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशिक्षण के दौरान प्रस्फुटन समितियों की भूमिका, उनके दायित्व, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक सहभागिता, ग्राम विकास एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। इसके साथ ही उपस्वास्थ्य केंद्र से उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सिकल सेल एनीमिया, टीबी (क्षय रोग), गर्भावस्था एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। उन्होंने इन बीमारियों के लक्षण, बचाव, समय पर जांच एवं उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने समिति के सदस्यों को समाजहित एवं ग्राम विकास के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने तथा शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

शक्ति से सृजन – जनभागीदारी से ग्राम विकास की ओर एक सार्थक पहल।

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर मानव श्रृंखला एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

शिवम प्रजापति

मेंहदवानी। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड मेंहदवानी के तत्वावधान में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम की कक्षा के दौरान विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस को उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाते हुए मानव श्रृंखला निर्माण एवं वृक्षारोपण जैसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश की स्थापना के गौरवशाली इतिहास, प्रदेश की एकता, अखंडता एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश देना रहा। इस अवसर



पर उपस्थित सभी मेंटर एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर मानव श्रृंखला का निर्माण किया। इसके माध्यम से प्रदेश की एकता, सामाजिक समरसता और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया। इसके पश्चात पर्यावरण संरक्षण एवं हरित मध्य प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण किया गया। उपस्थित लोगों ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक डॉ. निलेश्वरी वैश्य, नवांकुर संस्था प्रमुख श्री पवन कुमार साहू एवं श्री कृष्णा साहू , शासकीय मॉडल कन्या छात्रावास से अधीक्षिका सहित सभी मेंटर तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राओं की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि प्रदेश के विकास, सामाजिक एकता और पर्यावरण संरक्षण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता महत्वपूर्ण है। इस प्रकार मध्य प्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन जनभागीदारी, सामाजिक चेतना एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड मेंहदवानी, जिला डिंडौरी।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत बालिका छात्रावास में जागरूकता शिविर आयोजित



शिवम प्रजापति

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 1 नवंबर 2026 को सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, डिण्डौरी में विशेष जागरूकता शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शशिकांता वैश्य के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री पवन कुमार पटेल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शशिकांता वैश्य ने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी शिक्षा, भविष्य के लक्ष्य एवं करियर संबंधी जिज्ञासाओं पर चर्चा की। उन्होंने बच्चों के अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। अपर सत्र न्यायाधीश श्री रविन्द्र गुप्ता ने पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित कानूनी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। साइबर सेल से उपस्थित श्री मुकेश प्रधान ने छात्राओं को साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों, ऑनलाइन सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मोबाइल के बढ़ते उपयोग से होने वाले लाभ और नुकसान के बारे में जागरूक किया। वहीं करियर गाइडेंस के तहत श्री एम.पी. सिंह परमार ने छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों तथा भविष्य की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री पवन कुमार पटेल ने निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं एवं पॉक्सो एक्ट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सुरक्षित बचपन अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती दीपिका तरण ने किया। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती वंदना करचाम, छात्रावास स्टाफ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का स्टाफ उपस्थित रहा।

मेरा युवा भारत हरदा द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस एवं आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम आयोजित

वीरेंद्र चौहान रणजीत टाइम्स

हरदा। मेरा युवा भारत हरदा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकासखंड हरदा में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में युवाओं को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। मेरा युवा भारत हरदा की जिला युवा अधिकारी सुश्री श्रद्धा मित्तल के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में सलोनी शिवप्रसाद एवं ग्रुप ने प्रथम, लाली एवं ग्रुप ने द्वितीय तथा राहत एवं ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं भाषण प्रतियोगिता में इरम ने प्रथम, दिशा रामदास ने द्वितीय तथा मेघा ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती गीता पांडे, नगर पालिका पार्षद श्रीमती कीर्ति राहुल अग्रवाल, शासकीय माध्यमिक कन्या शाला की प्राचार्य श्रीमती मंजूलता खरे उपस्थित रहीं।

इंदौर में ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाला आरोपी गिरफ्तार

15.49 ग्राम मादक पदार्थ जब्त

खुशबू श्रीवास्तव

चंदन नगर पुलिस की कार्रवाई, बैकवर्ड ट्रेसिंग के जरिए कुछ ही घंटों में सप्लायर तक पहुंची पुलिस

इंदौर। शहर में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे एंटी नारकोटिक्स अभियान के तहत चंदन नगर पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 15.49 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है।पुलिस के मुताबिक, 29 अक्टूबर को स्कीम नंबर 71 स्थित पानी की टंकी के पास चेकिंग के दौरान तौकीर पिता अब्दुल कादिर को पकड़ा गया था। तलाशी लेने पर उसके पास सिगरेट की डिब्बी में छिपाकर रखी गई 15.49 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत अपराध दर्ज



कर जांच शुरू की मामले में ब्राउन शुगर के स्रोत का पता लगाने के लिए पुलिस ने बैकवर्ड ट्रेसिंग शुरू की। जांच के दौरान कुछ ही घंटों में पुलिस ने कथित सप्लायर जावेद उर्फ जव्वा (27) निवासी चंदन नगर को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, जावेद के खिलाफ पहले से पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें एक मामला एनडीपीएस एक्ट का भी शामिल है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर मादक पदार्थ की सप्लाई चेन और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

ग्राम जैत पहुंचकर पूर्व मंत्री कमल पटेल ने स्व. काशी बाई को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की

बोले—माताजी का स्नेह, अपनत्व और आशीर्वाद सदैव स्मृतियों में रहेंगे; चौहान परिवार के प्रति व्यक्त की गहरी शोक संवेदनाएं

वीरेंद्र चौहान रणजीत टाइम्स

हरदा-जैत (सीहोर)मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री कमल पटेल ने शुक्रवार को ग्राम जैत पहुंचकर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री आदरणीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी की पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती काशी बाई चौहान के अंतिम संस्कार में सम्मिलित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान



उन्होंने दिवंगत पुण्यात्मा को नमन करते हुए ईश्वर से उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति धैर्य और संबल प्रदान करें श्री कमल पटेल ने भावुक होते हुए कहा कि जब भी उनका माताजी से मिलना होता था, उन्हें हमेशा मां जैसा स्नेह, अपनत्व और आशीर्वाद प्राप्त होता था।

वे उन्हें अपने बेटे की तरह स्नेह देती थीं। उनका आत्मीय व्यवहार और ममतामयी आशीर्वाद मेरे लिए सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। माताजी के साथ जुड़ी आत्मीय स्मृतियां हमेशा हृदय में जीवंत रहेंगी।

तालाब, खेल मैदान, बाजार परिसर एवं मुक्तिधाम को शराबखोरी से मुक्त रखने अध्यक्ष की अपील

नगरवासियों से स्वच्छता बनाए रखने और सार्वजनिक स्थलों की गरिमा का सम्मान करने की अपील

छुरा। नगर पंचायत छुरा की अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने नगरवासियों से अपील की है कि राजा तालाब सहित अन्य तालाबों के घाट, खेल मैदान, बाजार परिसर एवं मुक्तिधाम जैसे सार्वजनिक स्थलों पर शराब का सेवन न करें। उन्होंने कहा कि तालाब के किनारे शराब पीकर डिस्पोजल गिलास एवं अन्य कचरा सीसी घाट पर फेंकने से गंदगी फैलती है और नगर की सुंदरता प्रभावित होती है। वहीं खेल मैदान, बाजार परिसर एवं मुक्तिधाम जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर शराब पीने से आम नागरिकों, बच्चों और परिवारों को असुविधा होती है। मुक्तिधाम जैसे पवित्र स्थल की गरिमा बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।



अध्यक्ष श्रीमती निषाद ने कहा कि नगर हमारा है, इसकी स्वच्छता, सुंदरता और गरिमा बनाए रखना भी हम सबका कर्तव्य है।

सार्वजनिक स्थलों को गंदा न करें, शराब पीकर बोतलें व डिस्पोजल इधर-उधर न फेंकें तथा ऐसे स्थानों पर अनुचित गतिविधियों से बचें। उन्होंने नगरवासियों, युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों से इस दिशा में जागरूकता फैलाने और नगर पंचायत को सहयोग देने की अपील की।

सरदार पटेल की जयंती पर छुरा में दौड़े युवा, दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

रन फॉर यूनिटी में खिलाड़ियों, छात्र-छात्राओं और नागरिकों ने लिया हिस्सा, एकता-अखंडता बनाए रखने की शपथ ली

छुरा। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार, 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर छुरा नगर में सद्भावना दौड़ 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं, खिलाड़ियों, छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की शपथ ली। कार्यक्रम में हरिभूमि के संवाददाता यशवंत यादव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं। उन्हें महापुरुषों के जीवन, संघर्ष और योगदान से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। सरदार वल्लभभाई पटेल के दृढ़ संकल्प, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेकर युवाओं को देशसेवा के लिए आगे आना चाहिए। अधीक्षक कुलेश्वर मरकाम ने अच्छे नागरिक बनने और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में शांति, सद्भाव और एकता बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। वहीं पुलिस विभाग की ओर से उपस्थित प्रमोद यादव ने नशामुक्ति के संबंध में जानकारी देते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने तथा परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। शिक्षक विनोद देवांगन ने राष्ट्रीय एकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी शीतल ध्रुव ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्रीय दायित्वों का स्मरण कराने का अवसर है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने देशी रियासतों के एकीकरण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। स्वतंत्र भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री और प्रथम गृह मंत्री के रूप में उनका योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

खिलाड़ियों और छात्र-छात्राओं ने बढ़ाया उत्साह

आयोजन में माय भारत केंद्र गरियाबंद, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से जुड़े नरेंद्र साहू, स्वयंसेवक बलराज पटेल, भोले शंकर जायसवाल, संजीव, विमल पुरोहित, कमलेश, पान सिंह, कैलाश, राजेंद्र, मनीष, उमेश, आदित्य, निखिल, सोनिया और गजेंद्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे। थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग से प्रधान आरक्षक जयप्रकाश मिश्रा तथा आरक्षक कन्हैया गिलहरे और पंकज सेन की सहभागिता रही। कार्यक्रम में पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास एवं पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास के छात्र-छात्राओं के साथ विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों और गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया।

पुष्य नक्षत्र में बाजारों में बरसी धनवर्षा दीपावली से पहले गुलजार हुआ इंदौर

सुबह 6 बजे से खुले इंदौर के बाजार , पारंपरिक वेशभूषा में बहीखाते खरीदने पहुंचे व्यापारी, सोना-चांदी, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स और बर्तनों की जमकर हुई खरीदी





इंदौर। इंदौर शहर में एक दिवाली और उस पर रविवार का पुष्य नक्षत्र का शुभ मुहुर्त तो बाजार तो गुलजार होने ही थे और हुए भी इस साल अल सुबह से ही इंदौर के बाजार खुल गए यहां तक की दोपहर बाद खुलने वाला सराफा और ऑटोमोबाइल के व्यापारी भी सुबह सुबह ही अपनी दुकानों और शोरुम पर पहुंच गए और गादी लगा ली इंदौर के बाजार में गादी का बड़ा महत्व है। वहीं कंप्यूटर के युग में भी सराफा और कपड़ा बाजार, बर्तन बाजार के व्यापारी पारंपरिक भेषभूषा में तैयार होकर बही खाते लेने खजूरी बाजार में स्टेशनरी की दुकानों पर पहुंचे और पुजन कर बही खाते सिर पर रख कर अपनी दुकान पर लेकर आए। दीपावली से पहले आए रवि पुष्य नक्षत्र के शुभ संयोग ने रविवार को इंदौर के बाजारों में रौनक बढ़ा दी। सुबह से ही बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी और देखते ही देखते व्यापारिक क्षेत्रों में चहल-पहल बढ़ गई। बहीखातों से लेकर सोना-चांदी, ऑटोमोबाईल, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स और कपड़ों तक की दुकानों पर जमकर खरीदारी हुई। शुभ मुहूर्त में हुई इस धनवर्षा से व्यापारियों के चेहरे खिल उठे। दीपावली के पहले रविवार और पुष्य नक्षत्र के संयोग ने कारोबारियों को अच्छे व्यापार की उम्मीद से कहीं ज्यादा उत्साह दिया। पुष्य नक्षत्र पर परंपरागत रूप से नए बहीखाते खरीदने का विशेष महत्व है। इसी परंपरा को निभाते हुए व्यापारी सुबह से ही अपनी पुरानी पारंपरिक वेशभूषा में दुकानों पर पहुंचे। सिर पर टोपी, पूजा-पाठ और शुभ मुहूर्त के साथ नए बहीखातों की खरीदारी की गई। व्यापारियों के लिए नए बहीखाते केवल हिसाब-किताब रखने का माध्यम नहीं, बल्कि नए आर्थिक वर्ष और समृद्धि की शुरुआत का प्रतीक भी हैं। हालांकि अब कंप्यूटर का युग होने से बही खाते के लिए वो पहले जैसी बात नही रही इसके बावजूद बहीखातों की दुकानें सुबह 6 बजे ही खुल गई थीं। शुभ मुहूर्त में खरीदारी करने के लिए व्यापारी अलसुबह से ही पहुंचने लगे थे।

सुबह से ही खुल गया सराफा और ऑटोमोबाइल- बहीखातों के साथ सराफा बाजार में भी सुबह से रौनक रही। सोना-चांदी के आभूषणों की खरीदारी के लिए ग्राहक पहुंचे। बर्तन बाजार में भी लोगों ने दीपावली की तैयारियों के लिए नए बर्तनों की खरीदी की। ऑटोमोबाइल शोरूम, इलेक्ट्रॉनिक्स, रेडीमेड कपड़ों, सजावटी सामान और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। कई दुकानदारों ने शुभ मुहूर्त को देखते हुए सुबह से ही दुकानें खोल दी थीं।

दीपावली से पहले रविवार ने बढ़ाया कारोबार का उत्साह- इस बार रविवार और पुष्य नक्षत्र का संयोग कारोबार के लिए खास रहा। अगले रविवार को दीपावली होने के कारण व्यापारियों ने इस दिन को कारोबार के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना। शहर के प्रमुख बाजारों में देर रात तक दुकानें खुली रखने की तैयारी रही। उद्योगों में भी कामकाज जारी रहा। बाजारों में सजावट, रोशनी और ग्राहकों की भीड़ ने त्योहार का माहौल बना दिया।

घरों से बाजारों तक दीपावली की तैयारी अंतिम दौर में- एक ओर बाजारों में खरीदारी का दौर चला, वहीं दूसरी ओर घरों, दुकानों, कार्यालयों और संस्थानों में साफ-सफाई का काम भी अंतिम चरण में पहुंच गया है। दुकानदार अपनी प्रतिष्ठानों को सजाने और ग्राहकों के स्वागत की तैयारियों में जुटे रहे। पुष्य नक्षत्र की खरीदारी ने दीपावली के उत्सव का माहौल पहले ही बना दिया। धनतेरस से भाईदूज तक चलने वाले दीपोत्सव का बाजारों में आगाज हो चुका है। रविवार को हुई जमकर खरीदारी ने व्यापारियों के चेहरों पर मुस्कान ला दी और आगामी त्योहारों के कारोबार को लेकर उम्मीदें और बढ़ा दीं।

स्कीम नंबर 103 में स्कूल निर्माण पर रहवासियों का हंगामा, मेडिकैप्स कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जताया विरोध

रहवासी संघ ने ट्रैफिक, पार्किंग और शोर की समस्या को लेकर उठाए सवाल, मौके पर पहुंची एरोड्रम पुलिस



इंदौर। स्कीम नंबर 103 में आंगन हॉस्टल के पीछे मेडिकैप्स कॉलेज द्वारा कराए जा रहे स्कूल निर्माण को लेकर रविवार को जमकर हंगामा हुआ। दोपहर में बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी निर्माण स्थल पर एकत्र हुए और निर्माण कार्य बंद करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

रहवासियों ने जताई आपत्ति- स्कीम नंबर 103 रहवासी संघ के सदस्यों का कहना है कि यह पूरी तरह आवासीय क्षेत्र है। यहां स्कूल का निर्माण होने से प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे यातायात जाम, पार्किंग और शोर की समस्या पैदा होगी। स्कूल बसों की आवाजाही और बच्चों के शोर से रहवासियों की दिनचर्या भी प्रभावित होगी।रहवासियों ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रबंधन ने निर्माण शुरू करने से पहले न तो स्थानीय रहवासियों को विश्वास में लिया और न ही रहवासी संघ से कोई चर्चा की। अचानक शुरू हुए निर्माण के कारण क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है।

पुलिस से हुई बहस- विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलने पर एरोड्रम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि निर्माण कार्य नियमानुसार और वैध अनुमति के आधार पर किया जा रहा है, इसलिए इसे मौके पर नहीं रोका जा सकता। इस बात को लेकर रहवासियों और पुलिस अधिकारियों के बीच काफी देर तक बहस और चर्चा होती रही।

बड़े आंदोलन की चेतावनी- रहवासी संघ ने कहा कि वे इस मामले में कलेक्टर, नगर निगम और जनप्रतिनिधियों से शिकायत करेंगे। साथ ही निर्माण की अनुमति और नियमों की जांच कराने की मांग भी करेंगे। रहवासियों ने चेतावनी दी कि उनकी आपत्तियों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे और निर्माण के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करेंगे। फिलहाल मौके पर पुलिस बल तैनात है और स्थिति नियंत्रण में है।

आगामी जल संकट ने चिंता बढ़ाई: एमआईसी बैठक में करोड़ों के महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगेगी मोहर

200 नए नलकूप, पुराने 100 पर मोटर और 33 नए टैंकर खरीदे जाएंगे

ट्रैफिक सुधार, सड़क और विकास कार्यों पर भी होगा मंथन



इंदौर। नगर निगम एमआईसी की आज होने वाली बैठक में पानी पर खास फोकस रहेगा। आने वाले जल संकट से निपटने लिए बैठक में करोड़ों रुपयों के विशेष प्रस्ताव को मंजूरी की मोहर लगेगी। साथ ही सड़क, पार्किंग और ट्रैफिक से जुड़े प्रस्ताव पर भी महत्वपूर्ण फैसले होने की संभावना है। नगर निगम की लंबे समय बाद होने वाली एमआईसी बैठक काफी अहम साबित होने वाली है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सूची के अनुसार 43 से ज्यादा प्रस्ताव चर्चा के लिए रखे जाएंगे। अधिकांश पर स्वीकृति मिलने की संभावना है। इस साल कम बरसात होने से सभी की चिंता में डाल दिया है। आगामी जल संकट से निपटने के लिए बैठक में पानी से जुड़े करोड़ों के प्रस्ताव रखे जाने की तैयारी है। शहर में 200 नए नलकूपों के लिए खनन किया जाएगा।100 पुराने नलकूपों पर मोटर लगाने और 33 नए टैंकर खरीदे जाने का प्रस्ताव भी है। इन प्रस्तावों पर स्वीकृति की मोहर लगना तय है। इसके साथ ही यातायात, पार्किंग, सड़क और आवास से जुड़े करोड़ों के प्रस्ताव भी रखे जाएंगे। इसी प्रकार पानी के साथ ही बैठक में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने पर भी खास जोर रहेगा।यातायात सुधारने के लिए 140 नई गेंट्री लगाने,4 नए फुट ओवरब्रिज और दो मल्टीलेवल पार्किंग का प्रस्ताव बैठक में रखा जाएगा। नमामि गंगे परियोजना के तहत 35 एमएलडी एसटीपी के पानी को कान्ह नदी में छोड़ने के कार्य में वेरिएशन का प्रस्ताव रखा गया है। वहीं स्मार्ट सिटी के 10 एमएलडी एसटीपी को नगर निगम को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव भी शामिल है। यानी पेयजल के साथ सीवरेज ट्रीटमेंट और ट्रीटेड वाटर के उपयोग से जुड़े फैसले भी बैठक में होंगे।

इसी प्रकार शहर में पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए सुभाष चौक मल्टीलेवल पार्किंग को पांच साल की लाइसेंस फीस पर देने और जवाहर मार्ग पर प्रेमसुख टॉकीज के पास बनी मल्टीलेवल पार्किंग के संचालन एवं संधारण के लिए टेंडर जारी करने का प्रस्ताव है। केशरबाग फ्लाईओवर के नीचे पीपीपी मॉडल पर मल्टी स्पोर्ट्स और रिक्रिएशन फैसिलिटी के रूप में स्मार्ट हब विकसित करने की योजना भी शामिल है।सड़कों का प्रस्ताव भी रखा जाएगा।

न्यूजीलैंड ने भारत को हराकर अंतिम टी-20 किया अपने नाम

श्रेयस-ईशान की फिफ्टी बेकार टीम इंडिया ने सीरीज 3-2 से जीती

हैमिल्टन। भारत और न्यूजीलैंड के बीच में खेली गई 5 मैचों की टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला हैमिल्टन के सेडन पार्क में खेला गया, जिसको मेजबान न्यूजीलैंड की टीम 7 विकेट के अंतर से अपने नाम करने में कामयाब रही। न्यूजीलैंड की टीम को मुकाबले में 192 रनों का टारगेट मिला था, जिसका पीछा उन्होंने 18 ओवर्स में ही कर लिया जिसमें उनकी तरफ से टिम सीफर्ट ने 93 रनों की तो वहीं ग्लेन फिलिप्स ने नाबाद 65 रनों की अहम पारी खेली। गेंदबाजी में भारतीय टीम की तरफ से अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती और नीतीश कुमार रेड्डी ने 1-1 विकेट हासिल किया। वहीं इससे पहले न्यूजीलैंड टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था। भारतीय टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 8 विकेट के नुकसान पर 191 रनों का स्कोर बनाया था। टीम इंडिया की तरफ से बल्लेबाजी में ईशान किशन और कप्तान श्रेयस अय्यर का कमाल देखने को मिला, जिसमें ईशान ने 61 रनों की पारी खेली तो वहीं अय्यर के बल्ले से 50 रन देखने को मिले। न्यूजीलैंड की तरफ से गेंदबाजी में एडम मिल्ने ने सबसे ज्यादा 4 विकेट जबकि नाथन स्मिथ और ब्लेयर टिकनर ने 2-2 विकेट हासिल किए थे।

अभिषेक-सैमसन ने किया फिर निराश, ईशान ने कप्तान अय्यर के साथ संभाली पारी

हैमिल्टन के सेडन पार्क में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत काफी खराब रही जिसमें अभिषेक शर्मा एक और संजू सैमसन सिर्फ 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद ईशान किशन और कप्तान श्रेयस अय्यर ने मिलकर ना सिर्फ पारी को संभाला बल्कि तीसरे विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी करने के साथ बड़े स्कोर की नींव भी रख दी। ईशान किशन इस मैच में 32 गेंदों में 61 रनों की पारी खेलने में कामयाब रहे तो वहीं कप्तान अय्यर के बल्ले से 23 गेंदों में 50 रनों की पारी देखने को मिली।

नमन और नीतीश ने भी खेली अहम पारियां

ईशान किशन और कप्तान अय्यर के पवेलियन लौटने के साथ टीम इंडिया की पारी एकबार फिर से लड़खड़ाती हुई दिखाई दी, जिसके बाद नमन धीर और नीतीश कुमार रेड्डी ने ना सिर्फ पारी को संभाला बल्कि छठे विकेट के लिए 46 रनों की अहम साझेदारी करने के साथ स्कोर को 190 रनों तक पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। नमन धीर के बल्ले से 33 रन देखने को मिले तो वहीं नीतीश कुमार रेड्डी ने 22 रनों की पारी खेली।

टिम सीफर्ट और ग्लेन फिलिप्स की पारी ने मुकाबला किया एकतरफा

192 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही जिसमें उनको पहला झटका 9 के स्कोर पर फिन एलन के रूप में लगा, इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे डेरिल मिचेल ने टिम सीफर्ट का बखूबी साथ दिया जिसमें दोनों के बीच में दूसरे विकेट के लिए 73 रनों की साझेदारी देखने को मिली। मिचेल 29 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौटे। वहीं इसके बाद बल्लेबाजी करने मैदान पर आए शानदार फॉर्म में चल रहे ग्लेन फिलिप्स इस मुकाबले में भी अपने बल्ले से कमाल दिखाने में कामयाब रहे।

दोनों टीमों की प्लेइंग 11

भारत - संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, नमन धीर, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, वरुण चक्रवर्ती।

न्यूजीलैंड - टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), फिन एलन, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, बेवन जैकब्स, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), नाथन स्मिथ, एडम मिल्ने, जैकब डफी, ब्लेयर टिकनर।

टीम इंडिया ने रचा इतिहास

साइफर्ट ने 93 रन बनाए

एक कैलेंडर ईयर में ठोक दिए 400 टी-20 सिक्स, दुनिया की पहली टीम बनी



हैमिल्टन। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में भारतीय बल्लेबाजों का बल्ला किस कदर आग उगल रहा है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टीम इंडिया ने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जो टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट के इतिहास में आज तक कोई दूसरी टीम नहीं कर सकी। टीम इंडिया अब एक कैलेंडर ईयर में 400 छक्के लगाने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और आखिरी टी-20 मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को अपने नाम किया। भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को हैमिल्टन के सेडन पार्क में सीरीज के आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया ने कुल 11 छक्के लगाए। इसी के साथ भारतीय टीम के इस साल टी-20 इंटरनेशनल में छक्कों की संख्या 400 तक पहुंच गई। भारत ने यह उपलब्धि महज 40 मुकाबलों में हासिल की है।

भारतीय बल्लेबाजों ने किया कमाल

भारतीय टीम के इस रिकॉर्ड में न्यूजीलैंड के खिलाफ बल्लेबाजों का प्रदर्शन भी बेहद खास रहा है। इस साल भारत ने कीवी टीम के खिलाफ कुल 142 छक्के लगाए हैं, जो किसी एक कैलेंडर ईयर में एक टीम के खिलाफ लगाए गए सर्वाधिक छक्के हैं। भारतीय बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा इस मामले में सबसे आगे हैं। उन्होंने इस साल 86 छक्के लगाए हैं। वहीं ईशान किशन 60 छक्कों के साथ दूसरे और संजू सैमसन 50 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। हालांकि, ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाने वाले इस मुकाबले में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक समय भारत ने महज 19 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद ईशान किशन और कप्तान श्रेयस अय्यर ने मोर्चा संभाला।

ग्लेन फिलिप्स ने मचाया तहलका, टीम इंडिया के खिलाफ रनों का अंबार लगाकर तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड

हैमिल्टन। टीम इंडिया के खिलाफ न्यूजीलैंड की जीत में ग्लेन फिलिप्स ने ऐसा बल्ला चलाया कि उनके नाम एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हो गया। भारतीय गेंदबाजों के सामने फिलिप्स ने रनों की ऐसी बारिश की कि पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान और इंग्लैंड के फिल सॉल्ट जैसे धुरंधर भी पीछे छूट गए। फिलिप्स अब द्विपक्षीय टी-20 इंटरनेशनल सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के बल्लेबाज बन गए हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज में फिलिप्स का बल्ला जमकर बोला। उन्होंने पूरी सीरीज में 341 रन बनाए। इस तरह उन्होंने द्विपक्षीय टी-20 सीरीज में सबसे ज्यादा रन जड़ने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह उपलब्धि इंग्लैंड के फिल सॉल्ट के नाम थी, जिन्होंने 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ द्विपक्षीय टी-20 सीरीज में 331 रन बनाए थे। वहीं पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान ने 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ 316 रन बनाए थे।



द्विपक्षीय टी-20 सीरीज में सबसे ज्यादा रन

341* – ग्लेन फिलिप्स बनाम भारत (2026)
331 – फिलिप साल्ट बनाम वेस्टइंडीज (2023)
316 – मोहम्मद रिजवान बनाम इंग्लैंड (2022)

'पेद्दी' के किरदार पर शर्मिंदगी हमेशा मेरे साथ रहेगी



अभिनेत्री जान्हवी कपूर हाल ही में शो 'कॉफी विद करण 9' में पहुंचीं। यहां उन्होंने अपनी फिल्म 'पेद्दी' में अपने किरदार के 'ऑब्जेक्टिफिकेशन' (वस्तु की तरह पेश किए जाने) पर बात की। उन्होंने माना कि वह 'ऑब्जेक्टिफिकेशन' को रोकने के लिए और बेहतर कर सकती थीं। उन्होंने इस फिल्म से जुड़े विवाद में अपनी भूमिका की जिम्मेदारी ली है।

बातचीत के दौरान, शो के होस्ट करण जौहर ने जान्हवी से उस आलोचना के बारे में पूछा, जो फिल्म में उनके किरदार को दिखाए जाने के तरीके को लेकर हुई थी। बुची बाबू सना के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राम चरण अहम किरदार में थे। इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में जान्हवी के किरदार को लेकर काफी विवाद हुआ था।

आलोचना का जवाब देते हुए, जाह्नवी ने कहा कि यह बात उनके मन पर लगातार बोझ बनी हुई है। उन्होंने माना कि फिल्म में उनके किरदार को जिस तरह से पेश किया गया, उसे अलग तरीके से दिखाया जा सकता था। उन्होंने कहा, 'इस तरह की कहानी का हमारे समाज पर जो नकारात्मक असर पड़ सकता है, खासकर मेरे जेंडर पर, वह मेरे मन पर एक भारी बोझ की तरह है। यह शर्मिंदगी हमेशा मेरे साथ रहेगी। क्या मैं और कुछ कर सकती थी? क्या मैं और अधिक सतर्क रह सकती थी? बिल्कुल, हां। क्या यह हद से ज्यादा 'ऑब्जेक्टिफिकेशन' था? क्या इसने कहानी के जरिए यौन उत्पीड़न को भी बढ़ावा दिया? हां। लेकिन अब मैं बस इतना कर सकती हूं कि यह सुनिश्चित करूं कि ऐसा दोबारा न हो।'

मोदी को हटाएंगे, तभी लोकतंत्र बचेगा

● रामलीला मैदान से सरकार पर बरसे मल्लिकार्जुन खरगे ● कहा-ज्ञानेश कुमार छोड़ेंगे नहीं ,मोदी को जाना ही होगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के रामलीला मैदान में एसआईआर के विरोध में इंडिया ब्लॉक की रैली हुई। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पाताल में क्यों न चले जाएं, हम उन्हें वहां से भी खोज लाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी आज लोगों में फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं, वे खुद वोट चुन रहे हैं। उनको वोट कौन देगा वे वोटर्स चुनते हैं। आज की केंद्र सरकार, बिहार सरकार, यूपी सरकार, ये सब चोरी की सरकार हैं। इन चोरों को निकालना है। इस रैली में मंच पर राहुल गांधी,अखिलेश यादव समेत 19 पार्टियों के नेता मौजूद रहे। इससे पहले विपक्ष का मार्च दोपहर 12 बजे मिंटो जंक्शन से शुरू हुआ और दोपहर 3 बजे रामलीला मैदान पहुंचा।



खड़गे का आरोप मोदी अपना वोट खुद चुन रहे

मल्लिकार्जुन खड़गे ने ये भी कहा कि मोदी आज लोगों में फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं, वे खुद वोट चुन रहे हैं। उनको वोट कौन देगा, वे वोटर्स चुनते हैं। आज की केंद्र सरकार, बिहार सरकार, यूपी सरकार, ये सब चोरी की सरकार हैं। इन चोरों को निकालना है। चोरों की सरकार हर जगह बैठी है, आपका सपोर्ट हम चाहते हैं। मोदी जाएंगे तो ही लोकतंत्र बचेगा। मोदी को हटाओ, लोकतंत्र को बचाओ।

अखिलेश यादव बोले-काशी की जनता ने उन्हें डबल जीरो दिया

अखिलेश ने कहा, मैं देख रहा हूं कि रामलीला मैदान में जो आवाज उठ रही है। गठबंधन के सभी साथियों ने एकजुट होकर लोकतंत्र को खत्म करने वालों के खिलाफ हुए हैं। आज जब सभा यहां होने जा रही थी उसी समय यूपी में भाजपा की तरफ से कहा गया कि एक करोड़ वोट हिंदू भाइयों के वोट काट दिए गए। उन्होंने कहा- अब उनको भी याद आ रहा है कि उनके वोट भी कट गए हैं। मतलब 31 हजार वोट हर विधानसभा में कम हुए हैं। जब जमीन ही नहीं बची तो अंगद का पैर कहां रखोगे। काशी की जनता ने उन्हें डबल जीरो दिया है।

पंजाब में एएपी को झटका 2 एमएलए ने पार्टी छोड़ी

दोनों एएपी एमएलए बीजेपी में हो सकते हैं शामिल

पटियाला (एजेंसी)। पंजाब में आम आदमी पार्टी के 40 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी होने के बाद 2 विधायकों ने पार्टी छोड़ दी है। इनमें पटियाला के समाना से विधायक चेतन सिंह जौड़ामाजरा और सनौर से विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा शामिल हैं। उन्होंने पार्टी छोड़ने की वजह बताने के लिए चंडीगढ़ में साढ़े 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। जौड़ामाजरा एएपी सरकार में मंत्री रह चुके हैं लेकिन कुछ समय पहले पार्टी ने पूर्व अकाली नेता सुरजीत सिंह रखड़ा को उनकी जगह पर समाना विधानसभा सीट का हलका इंचार्ज बना दिया था। वहीं, हरमीत सिंह पठानमाजरा पर रेप का केस दर्ज हुआ था। जिसके बाद वे ऑस्ट्रेलिया फरार हो गए थे। जांच में शामिल होने के लिए लौटने पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। एएपी के पंजाब प्रधान अमन अरोड़ा ने कहा कि अब भाजपा निष्कासित लोगों को इकट्ठा कर रही है।



बंगाल की खाड़ी में फिर बना नया चक्रवात

● 3 नवंबर को आंध्र के तट से टकराएगा मुरासु ● एक हफ्ते में दूसरा साइक्लोन,ओडिशा में बाढ़

कोलकाता (एजेंसी)। बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव का क्षेत्र मुरासु नाम के चक्रवात में बदल गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, यह 3 नवंबर की सुबह आंध्र प्रदेश के तट से टकरा सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 100 से 110 किमी प्रति घंटे और झोंकों के साथ 120 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने का अनुमान है। एक हफ्ते के भीतर बंगाल की खाड़ी में यह दूसरा चक्रवाती तूफान है। इससे पहले 26 अक्टूबर को चक्रवात 'अर्नब' उठा था। यह 28 अक्टूबर को आंध्र के तट से टकराया था। इसके कारण आंध्र प्रदेश, ओडिशा सहित देश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश हुई थी। ओडिशा के गंजाम और गजपति जिले में पिछले एक हफ्ते से बाढ़ जैसे हालात हैं। राज्य अभी चक्रवात 'अर्नब' से हुए नुकसान से उबर ही रहा है। नए तूफान के कारण फिर से भारी बारिश हो सकती है। खतरे को देखते हुए ओडिशा सरकार ने निचले और पहाड़ी इलाकों को खाली करने का आदेश दिया है।



लखनऊ समेत 10 शहरों में कोहरा छाया, ठंड बढ़ी

यूपी में 'अर्नब' तूफान के असर से 3 दिन लगातार हुई बारिश से ठंड बढ़ गई है। दिन का तापमान 8 डिग्री तक लुढ़क गया है। रविवार सुबह लखनऊ, सहारनपुर, शामली, बागपत और मुजफ्फरनगर समेत 10 शहरों में कोहरा छाया रहा। सड़कों पर सन्नाटा दिखा और 50 मीटर दूर देखना भी मुश्किल हो गया। इधर, वाराणसी, कानपुर और उन्नाव समेत 15 से ज्यादा शहरों में बादल छाए हैं। ठंडी हवाएं सर्दी का एहसास करा रही हैं। दुकानों पर लोग अलाव सेकते नजर आ रहे हैं। आज बलिया, गाजीपुर, चंदौली, मिर्जापुर और सोनभद्र में हल्की बारिश का अलर्ट है। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया- यूपी में चक्रवात का असर अब खत्म हो गया है।

राजस्थान में दिन गर्म रात में सर्दी तेज

राजस्थान में बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात का असर शनिवार से खत्म हो गया। अब अगले 3-4 दिन तक आसमान साफ रहने की संभावना है। इससे पहले शनिवार को मौसम साफ रहा। हालांकि, सुबह के समय कई जिलों में हल्का कोहरा रहा। जयपुर, कोटा समेत कई शहरों में अधिकतम तापमान में 2 से 5 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई। पिछले 24 घंटे अधिकतम तापमान में भले ही बढ़ोतरी हुई, लेकिन 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। वहीं, रात के तापमान में गिरावट होने से सर्दी बढ़ गई। सबसे कम तापमान सीकर के फतेहपुर में रहा। शनिवार को सबसे ज्यादा गर्मी बाड़मेर में रही। हालांकि, बीते चार-पांच दिन में यहां के तापमान में तीन-चार डिग्री की गिरावट हुई है। फिर भी दिन का पारा करीब 35 डिग्री के करीब ही दर्ज हो रहा है। वहीं, जैसलमेर में अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

12 साल में 49 करोड़ लोग गरीबी से निकले हैं बाहर

● पीएम मोदी बोले-देश में आर्थिक असमानता भी घटी

नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम मोदी ने कहा कि 2011 से 2023 के बीच भारत में 49.6 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। इस दौरान देश में अत्यधिक गरीबी की दर 90 फीसदी तक कम हुई। मोदी ने वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि गरीबी खत्म करना सरकार के लिए सिर्फ नारा नहीं, बल्कि पक्का संकल्प है। मोदी ने यह भी कहा कि पिछले 6 साल में रोजगार के 13.4 करोड़ नए अवसर बने हैं। यह संख्या कामकाजी उम्र की आबादी में हुई बढ़ोतरी से करीब दोगुनी है। उन्होंने देश में आर्थिक असमानता कम होने की बात भी कही। प्रधानमंत्री ने ये आंकड़े इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए साझा किए।



गरीबी खत्म करना सरकार के लिए सिर्फ एक नारा नहीं

वर्ल्ड बैंक ने अक्टूबर में इंडिया पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ नाम से रिपोर्ट जारी की थी। इसके मुताबिक, भारत में अत्यधिक गरीबी की दर 2011 में 27.1 फीसदी थी, जो 2023 में घटकर 2.6 फीसदी रह गई। मोदी ने कहा कि वर्ल्ड बैंक के मुताबिक भारत में दुनिया में सबसे तेजी से गरीबी कम हुई है। उन्होंने आर्थिक असमानता मापने वाले गिनी इंडेक्स का भी जिक्र किया। उनके मुताबिक, इसमें 20 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है और यह घटकर 23.0 पर पहुंच गया है।

3 वजह: खपत बढ़ी महिलाओं को मिला रोजगार

आम लोगों की कमाई और खर्च करने की क्षमता में सुधार हुआ है। 2017 से 2023 के बीच करीब 13.4 करोड़ नए रोजगार के अवसर बने। इनमें ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी सबसे ज्यादा रही। कई महिलाएं पहली बार कमाई वाले कामों से जुड़ीं। मुफ्त राशन और सीधे बैंक खातों में पैसे भेजने जैसी योजनाओं से गरीब परिवारों को सहारा मिला। गरीबी में कमी सिर्फ कमाई तक सीमित नहीं रही। लोगों के रहन-सहन और बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच में भी सुधार हुआ है। अब पहले के मुकाबले ज्यादा लोगों के पास पक्के मकान, बिजली, साफ पानी, शौचालय और रसोई गैस जैसी सुविधाएं हैं। ऑक्सफोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, 2005-06 में देश की 53.8 फीसदी आबादी इन बुनियादी सुविधाओं से वंचित थी। 2019-21 तक यह आंकड़ा घटकर 16.4 फीसदी रह गया। वहीं, वर्ल्ड बैंक के पैमाने के अनुसार 22-23 में गरीबी घटकर 15.5 फीसदी रह गई है।

सब कुछ है, फिर भी कड़कनाथ को नहीं मिल रहा कड़क भाव

● हाई प्रोटीन, तगड़ी कीमत और धोनी की पसंद भी नहीं आ रही काम

भोपाल। झाबुआ और धार जिलों की खास पहचान कड़कनाथ या कालामासी अपनी अनूठी खूबियों के कारण हमेशा चर्चा में रहता है। जेट-ब्लैक पंखों, काले मांस और बेहतरीन चिकित्सीय व पोषण गुणों वाले इस मुर्गे को ग्लोबल लेवल पर पहुंचाने के लिए सरकार ने जीआईएस टैगिंग, सब्सिडी और वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट जैसे कई उपाय किए हैं। इसके बावजूद, यह विशेष नस्ल अपने मूल इलाकों में सिमटकर रह गई है और बाहर निकलकर उड़ान भरने के लिए संघर्ष कर रही है।



जब धोनी के एक ऑर्डर से चमकी थी किस्मत

कड़कनाथ को राष्ट्रीय स्तर पर सबसे बड़ी हाइलाइट तब मिली जब साल 2022 में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने रांची स्थित फार्म के लिए 2000 कड़कनाथ चूजों का ऑर्डर दिया था। इसके बाद झाबुआ की एक कोऑपरेटिव सोसाइटी ने इन चूजों की सप्लाई की थी, जिससे साफ हो गया था कि मध्य प्रदेश से बाहर भी इस नस्ल की जबरदस्त डिमांड है। हालांकि, इस एक बड़े हाइप और सेलिब्रिटी कनेक्शन के बाद भी व्यावसायिक स्तर पर इसका दायरा उस तरह नहीं फैल पाया जैसा अनुमान लगाया गया था।